# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक- 23.10.2025**

**विषय:- थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा मारपीट, गंभीर चोट पहुँचाने आदि के मामले में वांछित 02 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी/हत्या की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के कुशल नेतृत्व में थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 0305/2025 धारा-110/117(2)/61(2) बी0एन0एस0 थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित वांछित 02 नफर अभियुक्तगण 1. अरुण कुमार उर्फ गोलू पुत्र मनोज पटेल निवासी बैरवन थाना रोहनियाँ वाराणसी 2. रोबिन पटेल उर्फ निक्की उर्फ नानक पुत्र मनोज पटेल निवासी बैरवन थाना रोहनियाँ वाराणसी वाराणसी को आज दिनांक 23.10.2025 को समय करीब समय 10.30 बजे मोहन सराय ट्रांसपोर्ट नगर थाना रोहनिया वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध मे थाना रोहनिया पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 22.10.2025 को वादिनी मुकदमा ने प्रतिवादीगण द्वारा वादिनी के लड़के श्याम बाबू को पुरानी रंजिश को लेकर वादिनी के पुत्र को अचानक पीछे से जाकर मार-पीट कर गम्भीर रुप से घायल करना व मारपीट में वादिनी के पुत्र को सिर में गम्भीर चोट लगने आदि के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिसके आधार पर थाना रोहनिया में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 प्रमोद कुमार गुप्ता द्वारा सम्पादित किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1-अरुण कुमार उर्फ गोलू पुत्र मनोज पटेल निवासी बैरवन थाना रोहनियाँ वाराणसी उम्र 20 वर्ष।

2-रोविन पटेल उर्फ निक्की उर्फ नानक पुत्र मनोज पटेल निवासी बैरवन थाना रोहनियाँ वाराणसी वाराणसी उम्र 19 वर्ष।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

मोहन सराय ट्रांसपोर्ट नगर थाना रोहनिया वाराणसी, दिनांक 23.10.2025 समय 10.30 बजे।

**आपराधिक इतिहास-**

0305/2025 धारा-110/117(2)/61(2) बी0एन0एस0 थाना रोहनिया वाराणसी।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह, उ0नि0 प्रमोद कुमार गुप्ता, का0 रतनलाल गौड़ , हे0का0 संजय यादव थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।



**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त, वरुणा जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी।**